हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

11 सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कार्रवाई की जाए : रूपकुमारी



14 सिविल अस्पताल बोरई में डॉक्टर न मिलने पर फूटा जनाक्रोश...





## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन कल

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 18 फरवरी को सुबह 11.30 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर कुरूद विधायक होंगे। अध्यक्षता राजेश साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मगरलोड करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत, मीना साहू सभापति जिला पंचायत, लीलेश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, विजय यदु भाजपा जिला उपाध्यक्ष, नरेश सिन्हा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा, खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, भवानी यादव पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी, नरेश अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी होंगे।

### आदि परब का आयोजन 13 एवं 14 मार्च को

**धमतरी।** आदि परब 2026 का आयोजन आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर नवा रायपुर अटल नगर में 13 एवं 14 मार्च को किया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि आदि परब 2026 के आयोंजन के तहत जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं पारंपरिक ज्ञान को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने के लिए गतिविधियां प्रस्तावित हैं। इनमें आदि रंग जनजातीय चित्रकला महोत्सव, आदि व्याख्यान जनजातीय विषयों पर व्याख्यान, आदि परिधान जनजातीय अटायर शो शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आदि हाट शिल्प ग्राम जनजातीय हस्तशिल्प, वनोपज एवं पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कार्यक्रम में जनजातीय कलाकारों, शोधकर्ताओं, कारीगरों और प्रतिभागियों की सहभागिता के लिए ऑनलाईन गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी श्रीमती गायत्री नेताम संयुक्त संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर दी जा रही है।

### दावा-आपत्ति 25 तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत औद्योगिक वार्ड धमतरी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 में सहायिका पद की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन के बाद प्रावधिक सूची जारी कर एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी एवं संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र में सूची चस्पा की गई है। परियोजना अधिकारी द्वारा उक्त सूची पर दावा-आपत्ति 25 फरवरी तक आमंत्रित की गई है।

होली से पहले मिल सकती है सौगात, अच्छा रहेगा त्योहार

# किसानों को 435 करोड़ रुपए के बोनस का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के 1 लाख 24 हजार 463 किसानों को 434 करोड़ 77 लाख 15 हजार रुपए का बोनस मिलने का इंतजार है। उम्मीद की जा रही है कि होली त्योहार से पहले ही किसानों को बोनस राशि दे दी जाएगी लेकिन इस संबंध में शासन से अब तक कोई निर्देश नहीं मिला है। न ही बोनस जारी करने के लिए दिन तिथि का निर्धारण किया गया है।

राज्य सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि किसानों को एकमुश्त 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। किसानों को धान बेचने के बाद केंद्र सरकार द्वारा जारी समर्थन मूल्य पर ही भुगतान किया गया। मोटा और सरना धान के लिए किसानों को 2369 सौ रुपये और पतला धान के लिए 2389 रुपए का भुगतान किया गया। अब धान खरीदी के बाद अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किसानों को किया जाएगा। हाल ही में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि किसानों को होली से पहले अंतर की राशि दे दी जाएगी। ऐसे में किसानों को बेसब्री से बोनस मिलने का इंतजार है। किसानों ने बताया कि धान बेचने के बाद जो राशि मिली थी, उसमें मुश्किल से कर्ज छूट पाए हैं। अब बोनस की राशि का वे घर में उपयोग कर सकेंगे।



### यह है बोनस का गणित

जानकारी के अनुसार मोटा और सरना वैरायटी के धान बेचने वाले किसानों को 731 रुपए प्रति क्विंटल और पतला धान बेचने वाले किसान को 711 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस दिया जाएगा। इस हिसाब से मोटा धान बेचने वाले किसानों को 389 करोड़ 65 लाख 60 हजार 996 रुपए और पतला धान बेचने वाले किसानों को 45 करोड़ 11 लाख 58 हजार 651 रुपए का भुगतान किया जाना है।

### इस साल किसान बढ़े, बोनस घटा

इस साल धान बेचने वाले किसानों की संख्या पिछले साल की तुलना में बढ़ी है, लेकिन खरीदी की मात्रा घटी है। वहीं किसानों को पिछले साल से ज्यादा समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है। इसलिए इस साल पिछले साल से कम राशि बोनस के रूप में किसानों को दी जाएगी। जानकारी के अनुसार इस साल जिले के 1 लाख 24 हजार 463 किसानों ने 59 लाख 64 हजार 594 क्विंटल धान बेचा है, जबकि पिछले साल 1 लाख 23 हजार 700 किसानों ने 61 लाख 98 हजार 136 क्विंटल धान बेचा था।

# लोहरसी के ग्रामीणों ने की चना खरीदी का भुगतान शीघ्र करने की मांग



- सरसों, गेहूं, मूंग, उड़द को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत लोहरसी के ग्रामीणों ने दलहन तिलहन फसल खरीदी का भुगतान शीघ्र करने तथा लोहरसी से खरतुली तक गुणत्ताहीन नहर नाली बनाने की शिकायत की है। सोमवार को लोहरसी सरपंच श्रीमती महेश्वरी गजेंद्र के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे पंच तथा ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत लोहरसी में गतवर्ष कलेक्टर के निर्देशानुसार फसल चक्र का परिवर्तन किया गया जिसके तहत चना, मूंग, उड़द, सरसों आदि फसल का उत्पादन किया गया। चना फसल को एमएसपी समर्थन मूल्य पर खरीदने लोहरसी सोसाइटी को केंद्र बनाया गया जहां आसपास क्षेत्र के 40 गांव के किसानों ने लगभग 5600 रुपए के समर्थन मूल्य पर चना फसल का विक्रय किया।

सरपंच महेश्वरी गजेंद्र ने बताया कि चना को शासन द्वारा खरीदने के पश्चात तीन माह बाद किसानों को फसल विक्रय की राशि मिली। विलंब भुगतान से किसानों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इस साल भी गांव में फसल चक्र परिवर्तन कर दलहन तिलहन की फसल ली गई है। रबी फसल चना, गेहूं, सरसों, मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए और किसानों के खाते में फसल की राशि अविलंब प्रदान करने की मांग की।

### गुणवत्ताहीन नहर नाली की शिकायत

सरपंच ने कलेक्टर को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि वर्तमान में कंवरहट शाखा नहर नाली का फ्लोरिंग कार्य किया जा रहा है जिसमें गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उक्त नहर कृषि सिंचाई का मुख्य साधन है। निर्माण कार्य का इंजीनियर से निरीक्षण कराकर स्टीमेट के आधार पर सामग्री का उपयोग कराने की मांग की है।

# जातिगत दुर्भावना से अतिक्रमण हटाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- बसपा ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

जातिगत दुर्भावना से अतिक्रमण हटाने का मामला सामने आया है। बसपा ने ग्राम पंचायत परसुली द्वारा दिए गए मकान हटाने के नोटिस को निरस्त करने की मांग कलेक्टर से की है।

सोमवार को बहुजन समाज पाटी के जिलाध्यक्ष देवप्रसाद बांधे सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के दिए नाम आवेदन में कहा है कि धमतरी ब्लाक के ग्राम पंचायत परसुली निवासी प्रेमलाल पिता जनकलाल बंदे को मकान हटाने का नोटिस देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जबकि वहां अधिकांश लोग घासभूमि पर मकान एवं कृषि कार्य कर रहे हैं। उन लोगों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। बसपा जिलाध्यक्ष का आरोप है कि प्रेमलाल बंदे जो अनुसूचित जाति का है, उसे बार-बार नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। किसी प्रकार की अनहोनी प्रेमलाल के साथ घटित होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ग्राम पंचायत परसुली की होगी। बसपा इसका पुरजोर तरीके से विरोध करेगी।



# गुणवत्ताहीन पीएम जनमन सड़क की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- ग्राम कुकरेल की कमार बस्ती का मामला

पीएम जनमन योजना के तहत बनाई गई गुणवत्ताहीन सड़क की शिकायत कलेक्टर से की गई है। धमतरी विधानसभा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने कलेक्टर के नाम दिए शिकायत आवेदन में कहा है कि पीएम जनमन योजना के तहत कमार बस्ती तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिले में कई जगह सड़कों की गुणवत्ता की लगातार शिकायत मिल रही है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण कुकरेल स्थित कमारपारा में देखा जा सकता है। इस सड़क को बिना जल निकासी व्यवस्था तथा तकनीकी परीक्षण के बनाया गया है। सड़क पर डाली गई गिट्टी की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की है। डामर की परत एकदम पतली है। बिना पानी और वायब्रेटिंग किए मुरूम की रोलिंग की गई है। निर्माण कार्यों में मानक नियमों का पालन नहीं होने से सड़क अभी से उखड़ने लगी है। विधानसभा अध्यक्ष सहित कांग्रेसियों ने पीएम जनमन सड़कों की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा भुगतान पर रोक लगाने की मांग की गई है। उल्लेखनीय हैकि गत जनदर्शन में ग्राम पंचायत डोकाल के आश्रित ग्राम कोर्रा से कमार डेरा तक बनी जनमन सड़क का डामर उखड़ जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की है।



# अवैध शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरदा रोड स्थित भारतमाला रोड पुल के नीचे दबिश देकर एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। थाना कुरूद में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रकाश सोनकर (32 वर्ष) निवासी ग्राम नारी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 29 पौवा देसी मसाला शराब और बिक्री की नगद राशि बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 3,200 रुपये आंकी गई है। वैधानिक कार्यवाही के उपरांत आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध नशे के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा।



# एक बाइक गिट्टी के ढेर पर उछली तो दूसरी पुल पर गिरी, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- ग्राम कलारतराई और गागरा पुल की घटना

रात्रि में घर लौट रहे युवक की बाइक सड़क पर पड़े गिट्टी के ढेर में चढ़कर नीचे गिर गई। वही दूसरी घटना में हाईवे से गुजर रही बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस घटनाओं में दोनों बाइक चालक घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे सहित ग्रामीण अंचल की सड़कों पर सड़क हादसा होने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में रविवार की रात्रि कलारतराई-दर्री मार्ग में सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया है। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम परसुली निवासी युवराज साहू पिता मोहन उम्र 24 वर्ष रविवार को बाइक से किसी काम से शहर आया था। रात्रि में युवक बाइक चलाते हुए वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में मिट्टी का ढेर पड़ा था। रात के अंधेरे में युवक गिट्टी के ढेर को नहीं देख पाया। उसकी तेज रफ्तार बाइक गिट्टी के ढेर पर चढ़कर उछल गई। युवक बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना की सूचना महापौर रामू रोहरा ने वरदान संस्था को दी। सूचना पर शिवा प्रधान व प्रियेश साहू एंबुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि युवक नशे में था।

अन्य घटना में मनीष साहू बाइक से नगरी सिहावा से रायपुर जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे में गागरा से गुजरते समय उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई। सूचना पर वरदान एंबुलेंस की मदद घायल को उपचार के लिए धमतरी लाया गया। परिजनों के कहने पर घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# सार्वजनिक स्थान पर गांजा सेवन करते युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

तालाब पार में बैठकर गांजा का सेवन कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जिले में अवैध शराब व मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिटी कोतवाली पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने शहर की पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान पुलिस को साल्हेवारपारा के हड्डी गोदाम के पास स्थित सुगन तालाब पार में एक युवक द्वारा सार्वजनिक स्थान में गांजा सेवन किए जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। इस दौरान एक युवक को खुलेआम गांजा सेवन करते पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम मुकेश उर्फ मुक्कु पटेल पिता कार्तिक उम्र 26 वर्ष साल्हेवारपारा निवासी बताया। आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से 2 ग्राम मादक पदार्थ गांजा व चिलम सहित अन्य सामान बरामद किया। पुलिस आरोपी को पकड़ कोतवाली ले गई। धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्जकर आरोपी मुकेश पटेल उर्फ मुक्कु को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



पांच प्रमुख मेला व शिव बारात की शोभायात्रा शांतिपूर्ण संपन्न

# पुलिस ने मेले में गुम 23 बच्चों को परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस की व्यापक एवं बहुस्तरीय तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पांच प्रमुख मेला व महाशिवरात्रि पर निकली शिवजी की बारात शांतिपूर्वक व सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। वहीं मेले में गुम 23 बच्चों को पुलिस ने सकुशल उनके परिजनों तक पहुंचाया है।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम कुंभ मेला का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने राजिम कुंभ मेला के दौरान कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन, यातायात नियंत्रण तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सर्तकता बरतने के निर्देश दिए। वरिष्ठ स्तर पर सतत मॉनिटरिंग एवं प्रभावी मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप पखवाड़े भर तक संचालित राजिम कुंभ मेला शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा का विशेष एक्शन प्लान तैयार कर उसे प्रभावी रूप से क्रियाशील किया गया।



### पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे

पुलिस द्वारा 15 दिवस तक चले कुलेश्वर राजिमकुंभ मेला, कर्णेश्वर सिहावा मेला 5 दिवस, कोदोरास भखारा मेला, देवपुर अर्जुनी मेला व रूद्रेश्वर रूद्री मेला में पर्याप्त बल तैनात किया गया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा सतत पेट्रोलिंग, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।



### तत्काल पतासाजी की

मेला घूमने के दौरान गुम हुए बच्चों व व्यक्तियों की तत्काल पतासाजी कर उन्हें सकुशल परिजनों से मिलाने में धमतरी पुलिस ने विशेष संवेदनशीतला दिखाई। कुलेश्वर राजिम कुंभ मेला के दौरान 13 बालक व 6 बालिका कुल 19 बच्चे गुम हुए थे। पुलिस द्वारा तत्काल माइक में एनाउंसमेंट व निगारनी के माध्यम से सभी बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंपा गया। इसी तरह मेले में 2 महिला व 6 पुरूष परिवार से बिछड़ गए थे। उन्हें पुलिस ने सकुशल परिवार तक पहुंचाया। वहीं रूद्रेश्वर रूद्री मेला में 4 बच्चे गुम हो गए थे जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित परिवार से मिलाया।

### असामाजिक तत्वों के हाथ से कड़े उतरवाए

मेले में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों द्वारा हाथों में पहने गए लोहे के वजनी कड़े को उतरवाकर संभावित विवाद एवं मारपीट की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया गया। साथ ही महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या में शहर में निकाली गई भगवान शिवजी की बारात एवं भव्य शोभायात्रा को भी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिना किसी अप्रिय घटना के पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया।


# ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर लगा प्रतिबंध

- हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित की जाएगी। उक्त अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से परीक्षा एवं छात्र, छात्राओं के पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने परीक्षा के सुचारू संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षा के तैयारी में व्यवधान न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 18 मार्च तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर जिला धमतरी क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि विशेष परिस्थितियों एवं शासकीय कार्यों के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करने की अनुमति सबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय आदेशों एवं उपरोक्त शर्तों के अधीन देंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।



## खबर संक्षेप

### कृषि विज्ञान केन्द्र में टेक्नालॉजी सेंटर शुरू

**कांकेर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में रूरल टेक्नालॉजी सेंटर की स्थापना की गई है, जिसका शुभारंभ विधायक आशाराम नेताम तथा छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा द्वारा किया गया। इस केन्द्र में तेंदुआ हल, पैडलर और बियासी हल जैसे यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र हरिदास तायड़े ने बताया कि एक जोड़ी बैल से 0.5 से एक हार्स पावर तक शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत सरईटोला निवासी 35 वर्षीय मनोहर निषाद पिता स्व. पचकौड़ ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बड़ेपारा करप निवासी 38 वर्षीय हेमंत निषाद ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 14 फरवरी को सुबह साढ़े 9 बजें अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कामय कर विवेचना में लिया गया।

### इंडस्ट्रीज व बैंकर्स मीट 19 को होगी

**कांकेर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की कार्य क्षमता को सुदृढ़ करने, उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने, वित्तीय समाधान, सतत विकास तथा समय से एमएसएमई सेक्टर के उन्नयन हेतु भारत सरकार द्वारा रैम्प योजना लागू की गई है। जिले में उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु 19 फरवरी को सुबह 10 बजे सेएमएसएमई उद्यमियों के साथ टिकरापारा के एक निजी होटल में इंडस्ट्रीट एवं बैंकर्स मीट का आयोजन किया जाएगा।

### गणित-विज्ञान मेले में बच्चे लगाएंगे प्रदर्शनी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम महेंद्रपुर में 17 फरवरी को गणित एवं विज्ञान मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पालकगण तथा आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मेले के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें गणित एवं विज्ञान से जुड़े रोचक मॉडल, प्रयोग तथा शैक्षणिक गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### चिचगांव की जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चिचगांव में 18 फरवरी बुधवार को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### अपर कलेक्टर विस सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक रखा गया है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारंकित, अतारंकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन, वरिष्ट कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### ट्रक चालक के खिलाफ मामला किया गया दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत माकड़ी चौक के पास 14 फरवरी की शाम करीबन सवा 4 बजें हुई सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पेटोली निवासी 60 वर्षीय रोहिदास गावड़े पिता उदेसिंह गावड़े ने पुलिस को बताया कि 14 फरवरी को आरोपी ट्रक कमांक जीजे 10 टीएक्स 6817 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

ग्राम पंचायत बेलरगांव में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय हुए बदहाल

# कहीं टंकी टूटी तो कहीं दरवाजे क्षतिग्रस्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत बेलरगांव में निर्मित सार्वजनिक सुलभ शौचालयों की स्थिति इन दिनों दयनीय बनी हुई है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच की प्रवृत्ति समाप्त करने और ग्रामीण क्षेत्र को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया था, किंतु बेलरगांव में इनका अपेक्षित लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

आसपास के ग्रामीणों के अनुसार पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए सार्वजनिक शौचालय कई वर्षों से मरम्मत के अभाव में जर्जर स्थिति में हैं। कहीं टंकी टूटी हुई है तो कहीं दरवाजे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कुछ स्थानों पर तो लोग अस्थायी रूप से पर्दा लगाकर उपयोग करने को विवश हैं। कई शौचालय पूर्णतः बंद पड़े हैं, जिससे स्वच्छता अभियान की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए ये सामुदायिक स्वच्छता परिसर वर्तमान में अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विवाह, नहावन या अन्य पारिवारिक आयोजनों के दौरान बाहर से आने वाले मेहमानों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जिससे असुविधा के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ रहा है।

सरकार की मंशा थी कि प्रत्येक गांव स्वच्छता के क्षेत्र में मिसाल बने, किंतु पंचायत स्तर पर देखरेख और मरम्मत के अभाव में यह उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ कर शौचालयों को सुचारु रूप से चालू कराने की मांग की है।

इस संबंध में सरपंच से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत की बैठक में निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा हुई है। मेला समाप्त होने के बाद निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# हमें नशापान व मतान्तरण की चुनौतियों से लड़ना होगा : नेताम

- मारागांव में गोंड समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ध्रुव गोंड समाज मारागांव परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन ग्राम मारागांव में हुआ। अतिथियों ने देवठाना में प्रकृति शक्ति की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष नगरी एवं जिला गोंड़ समाज के अध्यक्ष माधव ठाकुर थे। अध्यक्षता भानूराम नेताम ने की। विशेष अतिथि संरक्षक दिनेश्वरी नेताम, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र नेताम थे। अपने उद्बोधन में माधव ठाकुर, दिनेश्वरी नेताम व महेन्द्र नेताम ने समाज में युवा और महिलाओं की भूमिका को आवश्यक बताया तथा अधिक से अधिक युवा व महिलाओं को समाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में जागरूक होकर आगे आने को कहा। आगे कहा कि अभी कुछ लोग आदिवासी समाज को बरगलाकर मतान्तरण करा रहे हैं। समाज को सचेत रहना होगा। समाज में रोजगार, शिक्षा पर लक्ष्य साधकर काम करते हुए नशापान व मतान्तरण की चुनौतियों से लड़ना होगा।

अतिथियों ने समाज में सामूहिक विवाह पर बल देते हुए शराबबंदी पर अपनी बात रखी एवं अधिक से अधिक बेटियों को शिक्षा क्षेत्र में आगे आने को कहा। गोंड़ी संस्कृति के 3 संस्कार जन्म -विवाह एवं मृत्यु संस्कार परंपरा के अनुसार निभाने हेतु निवेदन किया। रूढ़िगत परंपरा के साथ-साथ अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति भी सजग रहना होगा। इस दौरान

प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अधिवेशन में मारागांव, मुनईकेरा, सरईभदर, देवगांव, मोहरा, निरई, जबर्रा, भोभलाबाहरा, बोईरगांव, घिकुड़िया एवं आसपास के सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभा का संचालन भगवान सिंह ध्रुव ने किया।

# महाशिवरात्रि पर्व देता है आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का संदेश

- सांकरा के मानसगान सम्मेलन में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा





इस वर्ष भी सांकरा में मानस सम्मेलन का आयोजन 13 फरवरी से 17 फरवरी तक किया गया है। तृतीय दिवस महाशिवरात्रि के अवसर पर मानस सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम दिखा। मानस सम्मेलन में श्रीराम चरितमानस के मधुर पाठ और भावपूर्ण व्याख्या ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन मंडलियों ने भगवान शिव और श्रीराम के गुणगान से ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया कि श्रोता देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। रामायणी कथावाचकों ने महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि शिव और राम का संबंध अद्भुत है। शिव स्वयं राम के अनन्य भक्त हैं और राम शिव की महिमा का गान करते हैं। यह मानस सम्मेलन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश दे गया।

मंगलवार को मानस सम्मेलन का समापन होगा। सम्मेलन को सफल बनानेक समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, उपाध्यक्ष गिरवर भंडारी, फूलचंद साहू, सचिव नागेन्द्र बोरझा सरपंच, सहसचिव छगन साहू, कोषाध्यक्ष तीरथ साहू, हरीश साहू उपसरपंच, आजीवन संरक्षक राजू पटेल, साधुराम साहू, मंच संचालक गजेंद्र सोनबोईर, भूपेश बनपेला, लव साहू सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# लिमतरा के ओम शांति भवन में हुआ ध्वजारोहण

**धमतरी।** महाशिवरात्रि पर लिमतरा के ओम शांति भवन में प्रातः 8 बजे ब्रहाकुमारी अनीता और कीर्ति की उपस्थिति में सरपंच भुनेश्वरी साहू एवं सेवानिवृत व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर दोनों बीके बहनों ने शिवरात्रि पर्व मनाने की जानकारी दी। शिव बाबा की महानता का वर्णन किया। इस अवसर पर आनंद साहू, राजेश ध्रुवंशी, जीवनलाल, गिरिराज, गोविंद, परसराम, गैंदलाल समेत अन्य उपस्थित थे।



# बालक शाला मगरलोड में हुआ चयनित सैनिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में प्रति शनिवार को पधारो पहुना कार्यक्रम होता है। शनिवार 14 फरवरी को चयनित सैनिकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के पूर्व छात्र नगरपंचायत मगरलोड भैंसमुंडी निवासी चन्दन कुमार, तामेश कुमार, संजय कुमार और राहुल कुमार का चयन सैन्य सेवा के लिए हुआ। इनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्ष कुमार साहू एसआई थाना मगरलोड थे। अध्यक्षता पूर्व सैनिक खिलावन साहू ने की। विशेष अतिथि तहसील साहू समाज मगरलोड के अध्यक्ष सुरेश साहू, आयकर अधिकारी टुमनचंद साहू, शाला प्रबन्धन समिति के पदाधिकारी भवानी यादव, पोखन साहू, तुलाराम टण्डन, कमलेश मार्कण्डेय थे। प्राचार्य आत्माराम साहू ने स्वागत भाषण दिया। साहित्यकार वीरेन्द्र सरल ने चयनित जवानों के सम्मान में कविता पढ़कर उनमें देश सेवा के प्रति जोश, जज्बा व जुनून भरा। चयनित जवानों ने अपने जीवन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किए गए समर्पण और निरन्तर प्रयास की विस्तार से जानकारी दी। अतिथि भवानी यादव, सुरेश साहू, दक्षकुमार साहू ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में व्याख्याता सियाराम कुर्रे, भोजपाल साहू, मनीषा नवरंग, लवेश गुप्ता, रामेश्वर साहू, विकास कंवर, लक्ष्मीनारायण साहू, विद्या निषाद, प्रवेश ठाकुर, गीतांजलि साहू, अर्चना सोनवर्षा, दुर्गा ध्रुव, मेषराम सेन, मुकेश पटेल, चन्द्रिका ठाकुर, यमुना साहू की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हेमन्त रजक तथा आभार प्रदर्शन सियाराम कुर्रे ने किया।

# ब्लाक स्तरीय बैठक में 24 गांव के नलजल ऑपरेटर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)



ग्राम पंचायत नलजल ऑपरेटर संघ कुरूद ब्लाक की बैठक 15 फरवरी रविवार को खेल मैदान कुरूद में हुई। बैठक में 24 गांव के ऑपरेटर उपस्थित हुए। ऑपरेटरों ने अपनी-अपनी समस्या बताई, जिसका समाधान सदस्यों के द्वारा किया गया। संघ के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कम उपस्थिति के कारण पदाधिकारियों का चुनाव नहीं किया गया। 24 फरवरी मंगलवार को सुबह 11 बजे खेल मैदान कुरूद में फिर से बैठक कर पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। कुरूद ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत में कार्यरत नल-जल ऑपरेटरों से उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में टिकेश्वर साहू, योगेश सेन, गोविंद तारक, गौकरण साहू, कमलू राम निषाद, संतोष हिरवानी, दुर्गेश साहू, लेखराम कंडरा, पूरण कंवर, पंचदेव ध्रुव, मिथिलेश यादव, कन्हैया डहरे, टिकेश्वर चन्द्राकर, तुलेश्वर, अवन साहू उपस्थित थे।

# बॉलीवुड स्टार के हाथों सम्मानित हुए आलेखुंटा के प्रधानपाठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

दावड़ा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में प्रहलाद टण्डन प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला आलेखुंटा को बॉलीवुड स्टार आफताब शिवदासानी ने सम्मानित किया। प्रहलाद ग्राम मुल्ले विकासखण्ड के मूल निवासी हैं। वे 21 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के सीईओ तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बच्चों से किया आत्मीय संवाद, व्यवस्था से संतुष्ट दिखे

- सियादेही में संचालित लईका घर, आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगरी विकासखंड के ग्राम सियादेही में संचालित लईका घर, आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को मिल रही पोषण, शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने नौनिहालों को दिए जा रहे पोषक आहार की गुणवत्ता और नियमितता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की माताओं से चर्चा कर भोजन, स्वास्थ्य जांच और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया।



### आंगनबाड़ी में बच्चों की हाजिरजवाबी से हुए प्रसन्न

आंगनबाड़ी केंद्र में कलेक्टर ने बच्चों से कविता सुनी, रंगों की पहचान कराई तथा उनके माता-पिता के नाम पूछे। बच्चों की सहज अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास से वे प्रसन्न नजर आए। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें चॉकलेट वितरित की।



### प्राथमिक शाला में शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना

कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने उनकी पढ़ाई, रुचि और भविष्य के सपनों के बारे में जाना। बच्चों द्वारा अंग्रेजी में अपना एवं अपने परिवार का परिचय देने पर उन्होंने उनकी सराहना की। बैठक व्यवस्था एवं अध्ययन के लिए उपलब्ध छोटी टेबल की भी प्रशंसा की।

### मॉडल परिसर विकसित करने के निर्देश



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक ही परिसर में लईका घर, आंगनबाड़ी और विद्यालय संचालित होने के कारण इसे मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने स्वच्छता, हरियाली, खेल सामग्री की उपलब्धता और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर के छात्राध्यापक शैक्षणिक भ्रमण पर डाइट नगरी पहुंचे

# प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने पारंपरिक व्यंजन पान रोटी का लिया स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर (बीएड) के प्राध्यापकगण एवं लगभग 160 छात्राध्यापक शैक्षणिक भ्रमण पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नगरी पहुंचे। डाइट परिवार द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। संस्था प्रमुख प्रकाश राय, उप प्राचार्य एनआर साहू सहित समस्त स्टाफ तथा डीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने सभी का अभिनंदन किया।

संस्था प्रमुख प्रकाश राय ने स्वागत भाषण में डाइट नगरी की स्थापना वर्ष 1961 में बी.टी.आई. के रूप में तथा वर्ष 2005 में डाइट के रूप में उन्नयन की जानकारी दी। उन्होंने सिहावा क्षेत्र की भौगोलिक, ऐतिहासिक, पौराणिक, सामाजिक एवं औद्योगिक विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला।

शैक्षणिक सत्र में डाइट नगरी के छात्राध्यापकों ने संस्थान की दैनिक एवं वार्षिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। वहीं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर के छात्राध्यापकों ने अपने महाविद्यालय की प्रशिक्षण पद्धतियों, नवाचारों एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया। दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत उपयोगी रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक नृत्य एवं वाद्ययंत्रों के साथ समूह गान की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर 200 से अधिक प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने पारंपरिक व्यंजन पानरोटी का स्वाद लिया। पानरोटी की व्यवस्था साहू दंपति तुमनचंद साहू एवं श्रीमती रंजीता साहू के सहयोग से की गई। श्रीमती रंजीता ने पान रोटी बनाने की व्यवहारिक विधि भी सिखाई। साहू दंपति ने जैविक खेती एवं गुल्लक अवधारणा पर आधारित शैक्षणिक प्रदर्शनी भी लगाई।

डाइट नगरी की ओर से शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन जोहन नेताम व्याख्याता ने किया।

## खबर संक्षेप



### 31 मार्च तक जिले में खुलेंगी 5 नई बैंक कलेक्टर का फरमान जारी

**कांकेर।** जिले में 31 मार्च तक पांच नए बैंकों की शुरूआत होगी, जिसके लिए भवनों में आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इन कार्यों में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन, टीना शेड, बाउण्ड्रीवॉल, देवगुड़ी सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने इन नए बैंकों के लिए आवश्यक भवन और उनमें सुविधाओं के संबंध में समीक्षा की तथा संबंधित क्षेत्र के जनपद सीईओ को बैंकों के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश भी दिए। दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम कोड़ेकुर्से में यश बैंक, भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत नारायणपुर में फेडरल बैंक, नरहरपुर विकासखण्ड के देवगांव में फेडरल बैंक, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के छोटेबेठिया में एयू स्माल फाइनेंस बैंक और अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम भैंसासुर में एयू स्माल फाइनेंस बैंक का शाखा खोला जाएगा, जिसे 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से शुरू करने के लिए संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा निर्देशित किया गया है।

### बकावंड में भस्कली नदी से अवैध रेत खनन



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बनियागांव के पास भस्कली नदी से अवैध रेत खनन और परिवहन का मामला गरमा गया है। आरोप है कि रेत माफिया छत्तीसगढ़ सीमा से खनन कर रेत को ओड़िशा तक तस्करी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जेसीबी और हाईवा जैसे भारी वाहन लगाकर नदी की धारा को छलनी किया जा रहा है। पहले जिस स्थान पर खनन उजागर हुआ था,अब उससे लगभग 300 मीटर दूर नया अघोषित खनन स्थल सक्रिय कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया कि अवैध खनन से नदी की दिशा बदल रही है और बाढ़ की स्थिति में खेतों का कटाव तेज हो गया है। खेतों में रेत जमने से खेती प्रभावित हो रही है। आरोप यह भी है,कि खनिज विभाग इस अवैध उत्खनन पर चुप्पी साधा है।

### समाज, देश और विश्व कल्याण की मंगलकामना के साथ गूंजे वेदोक्त मंत्र

**जगदलपुर।** महाशिवरात्रि पर स्थानीय शंकर देवालय में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा सामूहिक महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। संध्याकाल में भक्तिमय वातावरण के बीच पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक संपन्न हुआ। देवालय परिसर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अनुष्ठान के दौरान भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। समाज के सदस्य सपरिवार उपस्थित होकर वेदोक्त मंत्रों के साथ सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक में सहभागी बने। आयोजन के माध्यम से समाज,देश एवं समस्त विश्व के कल्याण की मंगलकामना की गई। धार्मिक आस्था के इस आयोजन ने सामाजिक एकता और पारंपरिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश भी दिया। अभिषेक के उपरांत महाआरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महासमुंद सांसद ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कार्रवाई की जाए : रूपकुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में श्रीमती चौधरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाईवे और दूसरी मुख्य सड़कों पर आवारा घूमने वाले या बैठे रहने वाले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। सांसद ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मवेशियों के जमावड़े को हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए। श्रीमती चौधरी ने सड़कों पर आवारा घूमने वाले या बैठे रहने वाले मवेशियों को हटाकर उन्हें कांजी हाउस या गौशालाओं में रखने के निर्देश दिए तथा इनके मालिकों के विरूद्ध जुर्माना की कार्रवाई करने को कहा। बैठक में कांकेर सांसद भोजराज नाग, धमतरी विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू सहित सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 8.67 प्रतिशत की आई कमी : परिहार



बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा इस साल सड़क दुर्घटनाओं में 8.67 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं दुर्घटना के मामलों में 20 प्रतिशत और घायलों में 31.26 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया था, जिसमें यातायात रथ के माध्यम से जागरूकता, हेलमेट रैली, हेलमेट वितरण, स्कूल-कॉलेजों में यातायात प्रशिक्षण, जनजागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति पुलिस की चालानी कार्रवाई में वृद्धि हुई है।

बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के कुरूद जंक्शन, संबलपुर बाईपास, श्यामतराई बाईपास पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने ट्रेफिक सिग्नल लगाए गए हैं। इसके साथ ही रोड मार्किंग, केट आई, कॉनवेक्स मिरर, साईन बोर्ड भी लगवाए गए हैं। सड़कों पर स्थित विद्युत पोल, मार्कर बोर्ड, डेलीनेटर, पुलों में लगे रेलिंग, सड़कों के किनारे लगे पेड़ों में रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए हैं, ताकि रात में सफर करने के दौरान कोई सड़क दुर्घटना ना हो।

सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकान, ठेला, पसरा, विज्ञापन बोर्ड आदि लगाने वाले व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हाईवे पेट्रोलिंग और थानों के माध्यम से होटल, ढाबा, पान दुकानों, पंक्चर दुकानों, पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों के साथ-साथ समाजसेवियों को जोड़कर समाज सुरक्षा मितान बनाया गया है। इनके माध्यम से सड़क दुर्घटना की सूचना देने पर घायलों को त्वरित मदद भी की जा रही है। पैदल पेट्रोलिंग कर शहर में यातायात व्यवस्थित किया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 195 वाहन चालकों का लाइसेंस सस्पेंड करने के लिए परिवहन विभाग को लिखा गया है।

# आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज ने मनाया बूढ़ादेव महापर्व



- पारंपरिक गीत-नृत्य और लोक प्रस्तुतियों ने जनसमूह का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज उपक्षेत्र बोधसेमरा द्वारा आदिदेव बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर महापर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आत्माराम नेताम सरपंच रहे, जबकि अध्यक्षता नारदराम ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि सुरेश ध्रुव, चंद्रकुमार ध्रुवंशी, सुरेश नेताम, हुलेश्वर ध्रुव ग्राम पटेल, श्रीमती शशिकला नेताम, आरती ध्रुव, लीलावती, पुष्पा ध्रुव, सेतबंधु मरकाम, सखाराम मरई, टाकेश ध्रुव, पुरंजन नेताम, हेमलाल मरकाम, संतोष ध्रुव, अर्जुन नेताम, बिसाहू राम मरई थे। पूजा-अर्चना के उपरांत समाज के बच्चों एवं युवाओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पारंपरिक गीत-नृत्य और लोक प्रस्तुतियों ने जनसमूह का मन मोह लिया। आयोजकों ने बताया कि यह महापर्व समाज की सांस्कृतिक परंपराओं, आस्था और एकजुटता का प्रतीक है।

## जल, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

सांकरा रामनगर हिंछापुर स्थित रामेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

प्रातःकाल से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच हवन सम्पन्न हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने जल, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया। पूजन के पश्चात



खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में राजेश गोसाईं जनपद सदस्य, पवन श्रीमाली, देवानंद साहू, मिथिलेश साहू, पन्नालाल साहू, गोरेलाल सोनी, राजू पटेल, सोहन ध्रुव, अरविंद नाग, श्रवण यादव सहित रामनगर, हिन्छापुर के ग्रामवासियों और युवाओं की भूमिका रही। देर शाम तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह शिवमय बना रहा।

## 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ा इंजन

- अभनपुर से कुरूद तक नई ब्रॉडगेज लाइन पर हुआ स्पीड ट्रायल
- आज कोलकाता से सेफ्टी विशेषज्ञों की टीम पहुंचेगी
- ट्रैक, स्टेशन यार्ड और अन्य सुरक्षा मानकों का करेगी अंतिम निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अभनपुर से कुरूद तक नई ब्रॉडगेज लाइन पर स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को अभनपुर और कुरूद स्टेशनों सहित 25 ट्रैक किलोमीटर का गहन निरीक्षण किया।

ट्रायल के दौरान इंजन को लगभग 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया। स्पीड टेस्ट के माध्यम से ट्रैक, सिग्नल और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम की बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों के अनुसार परीक्षण के दौरान कोई बड़ी तकनीकी खामियां सामने नहीं आई। ट्रायल से पूर्व इलेक्ट्रिकल टीम ने लाइन और उपकरणों की विस्तृत जांच की थी।

सीनियर डीसीएम रायपुर रेल मंडल अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि 17 फरवरी को कोलकाता से सेफ्टी विशेषज्ञों की टीम पहुंचेगी, जो ट्रैक, स्टेशन यार्ड और अन्य सुरक्षा मानकों का अंतिम निरीक्षण करेगी। यदि सब कुछ संतोषजनक पाया गया तो मार्च से अभनपुर-कुरूद के बीच यात्री ट्रेन संचालन प्रारंभ होने की संभावना है।

कुरूद से धमतरी तक ब्रॉडगेज कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। लगभग 67.20 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर रेलगाड़ियां भविष्य में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगी। परियोजना पूर्ण होने पर रायपुर, धमतरी और राजिम के बीच सीधी और बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होगी। इससे क्षेत्रीय व्यापार, कृषि, तीर्थाटन और पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

इधर, रेलवे प्रशासन ने लाइन विस्तार क्षेत्र में 150 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जमीन खाली करने का निर्देश दिया है। निर्धारित समय-सीमा के बाद सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि नेरोगेज लाइन को ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने के लिए 550 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से धमतरी अंचल को आधुनिक रेल सुविधा का बड़ा लाभ मिलने जा रहा है।

# पशु मेला उत्सव प्रदर्शनी में चरवाहे हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पशुधन विकास विभाग के सहयोग से विकासखंड स्तरीय पशु मेला एवं प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम मुड़केरा में किया गया। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड ने किसानों की आमदनी में वृद्धि हेतु पशुपालन को सशक्त माध्यम बताया। विभागीय योजनाओं का लाभ लेते हुए उन्नत एवं आधुनिक पशुपालन पर जोर दिया। गजेंद्र दीवान जनपद सदस्य सिंगपुर, श्रीमती त्रिवेणी रानू सिन्हा सरपंच मुड़केरा, लोमेश्वर साहू सरपंच सिंगपुर, रोहित मरकाम सरपंच भंडारवाडी, सहानुराम मरकाम उपसरपंच, कृष्णा ध्रुव, कमलेश मरकाम ने अपने विचार रखे। उपसंचालक डॉ अवधेश कुमार मरकाम पशुधन विकास विभाग ने पशु मेला आयोजन के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में बताया। डॉ टीआर वर्मा ने कम लागत में अधिक मुनाफा, घरेलू पशु उपचार, पशु पोषण, पशु प्रबंधन के बारे में बताया। डॉ पीके लावत्रे ने कृत्रिम गर्भाधान के महत्व के बारे में बताया। डॉ भुजेंद्र सोनी पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, प्रभारी विकासखंड मगरलोड द्वारा पशुधन विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में अतिथियों द्वारा पशुओं का अवलोकन किया गया। विभिन्न वर्गों में प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार पशुपालकों को प्रदान किया गया। चरवाहों को श्रीफल एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर डां एस के मरकाम, डॉ भूपेंद्र सिन्हा, डां लेखराम कंवर, डां तरुण साहू, डां निखिल साहू सहित विकासखंड के सभी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, पशु परिचारक, पीईडब्लू मोबाइल वेटनरी यूनिट की टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन खिलेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन डॉ प्रमोद ठाकुर सिंगपुर ने किया।

# शिवालयों में रही श्रद्धालुओं की भीड़, जलाभिषेक के साथ यज्ञ-हवन व पूजा हुई




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

- महाशिवरात्रि : बाबा बैद्यनाथ मंदिर की स्थापना और शोभायात्रा में रही हर-हर महादेव की गूंज

महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरा कुरूद नगर शिवभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। नगर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां महादेव के जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों ने कतारों में लगकर शिवलिंग पर जल , दूध और बेलपत्र अर्पित किया और



परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस वर्ष कुरूदवासियों के लिए यह उत्सव विशेष रहा। नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर और बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर के विशेष प्रयास से केनाल रोड स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम गार्डन के पास बाबा बैद्यनाथ जी के भव्य नवनिर्मित मंदिर की स्थापना की गई। तीन दिन तक चले विशेष पूजन अनुष्ठान के बाद महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। साथ ही अध्यक्ष निधि से ऑक्सीजोन गार्डन का



जीर्णोद्धार कर इसे प्रकृति के अनुरूप और भी सुंदर बनाया गया है। उत्सव का मुख्य आकर्षण जलेश्वर महादेव परिवार द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा रही। चंडी मंदिर से शुरू होकर यह शोभा यात्रा पुराना बाजार, सरोजनी चौक और कारगिल चौक जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरी। धुमाल की थाप पर भक्त जमकर थिरके। पूरे मार्ग को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। इस आयोजन में हजारों नगरवासी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए, जिससे यह धार्मिक आयोजन एक विशाल उत्सव में बदल गया।

### भखारा में सर्व सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**भखारा।** इस वर्ष भी सर्व सेन समाज परिक्षेत्र भखारा का वार्षिक अधिवेशन नगर पंचायत भखारा के सेन सामुदायिक भवन में 17 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे से रखा गया है। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन होंगी। अध्यक्षता सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू होंगे। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य, सचिव देवेंद्र सेन, सहसचिव शिवनन्द सेन ने सामाजिक सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

## कृषि क्षेत्र में महिलाओं को मिल रहा विशेष सम्मान : रंजना

# गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को समर्पित है बजट : किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भाजपा जिला किसान मोर्चा द्वारा जिलास्तरीय बजट किसान जनसंवाद कार्यक्रम ग्राम रांवा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और किसान शामिल हुए। इस अवसर पर जिला भाजपा की संगठन प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती किरण बघेल ने कहा कि जीवाईएएन नरेंद्र मोदी जी सरकार की पहली प्राथमिकता है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी इन चार वर्गों को ध्यान में रख कर ही ज्यादातर योजनाएं बनाई हुई है। किसानों के लिए इस बजट में अब तक सबसे अधिकतम आबंटन किया गया है।



उन्हें उन्नत तकनीक से, वैश्विक बाजार से जोड़ा गया है। कृषि के साथ साथ डेयरी, पशु पालन, मछली पालन और अन्य एलाइड सेक्टर को भी जोड़ते हुए एक आर्गनाइज तरीके से इस सेक्टर को आगे बढ़ाने की योजना बनाई गई है। शी मार्ट के माध्यम से महिला समूहों को अब उद्यमी बनाने की योजना सरकार शुरू करने जा रही है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि कृषि में महिलाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार में विशेष रूप से ड्रोन दीदियों को लाने की योजना बनाई गई है। महिला स्वसहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराकर खेतों में खाद, दवाई छिड़काव एवं अन्य कार्यों के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने बताया कि 2014 से यदि तुलना की जाए तो न्यूनतम समर्थन मूल्य दो गुना करने का कार्य भाजपा की सरकार ने किया। खाद में लाखों करोड़ की सब्सिडी सरकार से रही है। कृषि क्षेत्र में नए रोजगार पैदा हो रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष रामू रोहरा ने कहा कि कृषि को मोदी सरकार में सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इस वर्ष के बजट में कृषि के लिए 1.40 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है जो कि 2013-14 में महज 27000 करोड़ हुआ करता था। पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि किसानों को आधुनिकतम एआई तकनीक से जोड़ा जाना इस बजट की सबसे खास बात है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा ने कहा कि कृषक होना अब गौरव की बात है। नौकरियां छोड़कर लोग कृषि की ओर आकर्षित हो रहे हैं। सरकार इस बात के लिए प्रयासरत है कि किसान आत्मनिर्भर बने और देश की जीडीपी को आगे ले जाएं। धमतरी जिला संयोजक कविंद्र जैन ने कहा कि पहले दीपावली में धनवर्षा होती थी परंतु इस बार छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किसानों को होली में करने की घोषणा की। मंच संचालन रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व किसान उपस्थित थे।

# बढ़ी हुई फीस को तत्काल वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के आव्हान एवं जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के निर्देश पर प्रदेश सचिव यश दुबे एवं जिला उपाध्यक्ष नमन बंजारे की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई बेतहाशा वृद्धि के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई ने कहा कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए परीक्षा शुल्क को 460 से बढ़ाकर 800 रूपये कर दिया गया है। नामांकन शुल्क को 80 से बढ़ाकर 200 और स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्रों के शुल्क में भी भारी बढ़ोतरी की गई है। यह निर्णय पूरी तरह से छात्र विरोधी है और गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को शिक्षा से दूर करने की एक साजिश है।

जिलाध्यक्ष श्री देवांगन ने कहा कि धमतरी एक कृषि प्रधान जिला है, जहां के अधिकांश छात्र ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे अभिभावकों पर परीक्षा शुल्क को लगभग दोगुना कर देना सरासर गलत है। सरकार शिक्षा को सेवा नहीं बल्कि वसूली का माध्यम बना रही है, जिसे एनएसयूआई बर्दाश्त नहीं करेगी।

संगठन ने मांग की है कि बढ़ी हुई फीस को तत्काल वापस लेकर पुरानी दरें बहाल की जाएं। यदि शासन-प्रशासन सात दिनों के भीतर इस जनविरोधी निर्णय को वापस नहीं लेता है, तो एनएसयूआई पूरे जिले में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। इस अवसर पर जय श्रीवास्तव, स्वयं सोनकर, प्रीतम नेताम, शुभम टंडन, दीपेश मानिकपुरी, सुदीप सिन्हा, तेजप्रताप साहू, तेजप्रकाश साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## सामाजिक अंकेक्षण इकाई टीम का द्वितीय चरण प्रारंभ



**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत से दी गई जानकारी अनुसार जिला सामाजिक अंकेक्षण का प्रमुख उद्देश्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जो अब वीबी जी राम जी योजना के नाम से परिवर्तित हुआ है। उसके अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जाना है, ताकि योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन मदद मिले व स्थानीय समुदायों की भागीदारी बढे। इस क्रम में जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सामाजिक अंकेक्षण इकाई टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में के अंतर्गत प्रथम चरण में अंकेक्षण हेतु 143 ग्राम पंचायतों का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया और इकाई ने द्वितीय चरण का सामाजिक अंकेक्षण हेतु विगत 9 फरवरी 2026 से पुनः प्रारंभ कर दिया है। यहां पुरे राज्य मे गौरवशाली उपलब्धि रही। क्योंकि सामाजिक अंकेक्षण के प्रथम चरण को पूर्ण करते हुए द्वितीय चरण का अंकेक्षण प्रारंभ करना पूरे प्रशासनिक टीम की के लिए एक चुनौती था। जबकि अन्य जिले इस चरण तक नहीं पहुंच पाए है।

## शिक्षक एलबी संवर्ग के अधिकारों पर प्रहार बर्दाश्त नहीं : संतोष



**गीदम।** फरवरी 2026 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग नियमों को लेकर शालेय शिक्षक संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने गंभीर आपत्ति व्यक्त की है इसे शिक्षक एलबी संवर्ग एवं ट्राइबल संवर्ग एल बी के अधिकारों के विरुद्ध बताया है। संगठन का कहना है कि सरकार जहां वर्षों से लंबित वास्तविक समस्याओं वरिष्ठता निर्धारण वेतन विसंगति सेवा सुरक्षा पर ठोस निर्णय लेने में असफल रही है, वहीं संवर्ग के हितों को प्रभावित करने वाले निर्णय बिना संवाद और बिना सहमति के लागू किए जा रहे हैं। संघ ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में एल.बी. संवर्ग के हितों को लेकर संवेदनशील है तो यह स्पष्ट किया जाए कि वर्षों से लंबित वरिष्ठता निर्धारण पर आज तक ठोस निर्णय क्यों नहीं लिया गया। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति जैसे गंभीर मुद्दे आज भी समाधान की प्रतीक्षा में हैं।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्य का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज नारायणपुर चौक से निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोंडागांव, नारायणपुर मार्ग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में पहुँचकर सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया और कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बसाहट क्षेत्रें में सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए।

### सुबह बोरई-नगरी मार्ग पर किया चक्काजाम, अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

# सिविल अस्पताल बोरई में डॉक्टर न मिलने पर फूटा जनाक्रोश, रातभर शव रखकर किया प्रदर्शन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में एक बार फिर ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला। पूरा मामला बोरई थाना क्षेत्र का है, जहां सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खिलोली निवासी अनित विश्वकर्मा रविवार की रात बोरई से घुटकेल मार्ग पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना के बाद वह गंभीर अवस्था में सड़क पर पड़ा रहा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घायल युवक को तत्काल बोरई सिविल अस्पताल पहुंचाया।

परिजनों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने पर वहां कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था, जिसके कारण समय पर उपचार नहीं मिल सका और युवक की मृत्यु हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के मुख्य द्वार पर पूरी रात धरना दिया। सुबह आक्रोशित लोगों ने अस्पताल के सामने बोरई-नगरी मार्ग स्थित स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया तथा अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

घटना की सूचना मिलते ही नगरी के प्रभारी एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी विपिन रंगारी एवं बीएमओ सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों से चर्चा की। प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई और व्यवस्था सुधार का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं अस्पताल में नए स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

गौरतलब है कि यह पहली घटना नहीं है जब क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं और मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया हो। इससे पूर्व भी क्षेत्रवासी विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन कर चुके हैं।

## सामाजिक एकजुटता पर दिया जोर



- साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक से पूर्व सामाजिक पदाधिकारियों राजाराम साहू एवं तरुण कुमार साहू द्वारा ध्वजारोपण कर माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इसके पश्चात सभापति गैंदलाल साहू के नेतृत्व में तरुण कुमार साहू ने उपस्थित जनों का स्वागत वंदन किया।

जिला उपाध्यक्ष गोपाल साहू ने अपने संबोधन में सामाजिक एकजुटता पर बल देते हुए नवयुवकों की सक्रिय भागीदारी तथा बच्चों में संस्कार और शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। तरुण कुमार साहू ने समयदान की आवश्यकता बताते हुए रोटी-बेटी संबंधों के साथ सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु सुझाव आमंत्रित किए, ताकि समाज में निरंतर गतिशीलता और रचनात्मक कार्य होते रहे।

## राष्ट्रीय पैरा तीरंदाज चंचल ने विधायक से की मुलाकात



- तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराने मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विधायक कार्यालय में चंचल सोनी (राष्ट्रीय पैरा तीरंदाज) ने ओंकार साहू से भेंट की। अंतरराष्ट्रीय स्तर की पैरा कम्पाउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता हेतु आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराने के संबंध में मांग पत्र सौंपा।

इस अवसर पर विधायक ने उनके समर्पण, अनुशासन और देश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जिस लगन और आत्मविश्वास के साथ चंचल सोनी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं, वह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

विधायक ने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा प्रस्तुत मांगों पर प्राथमिकता के साथ सकारात्मक पहल की जाएगी, ताकि उन्हें उच्च गुणवत्ता के खेल उपकरण उपलब्ध हो सकें और वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतर तैयारी के साथ हिस्सा ले सकें।

## बच्चों ने माता-पिता की आरती उतारकर लिया आशीर्वाद



- ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में मातृ–पितृ दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में मातृ-पितृ दिवस के अवसर पर मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शारदाप्रसाद साहू साधक गायत्री शक्तिपीठ धमतरी द्वारा संपन्न कराया गया जिसमें 55 से अधिक माता-पिता की उपस्थिति रही।

माता-पिता को स्वच्छ स्थान पर बिठाया गया। बच्चों ने अपने माता-पिता के मस्तक पर कुमकुम का तिलक लगाकर पुष्प, अक्षत से पूजा अर्चना की एवं फूल-माला पहनाकर सात परिक्रमा करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मातृ-पितृ से संबंधित भजन एवं गीत प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर शारदाप्रसाद साहू ने कहा कि माता-पिता हमारे जीवन के आधार हैं जो बिना स्वार्थ के हर कष्ट सहते हैं। वे हमें संस्कार, सत्य और संघर्ष सिखाते हैं तथा अंतिम सांस तक हमारी चिंता करते हैं। प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि माता-पिता का स्थान ईश्वर के समान है। हमारे जीवन में प्रसन्नता लाने तथा समस्याओं को सुलझाने माता-पिता का सर्वाधिक योगदान होता है।

## अब फर्स्ट रैंक के लिए नगर निगम ने कसी कमर

- 300 से अधिक कर्मियों की तैनाती, रोज 23 टन कचरा संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर धमतरी नगर निगम ने इस बार शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पिछले वर्ष 3 स्टार रेटिंग प्राप्त करने के बाद निगम अब फर्स्ट रैंक की दिशा में सुनियोजित रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। निगम स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 23 टन कचरे का संग्रहण किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था के लिए 300 से अधिक सफाईकर्मी, स्वच्छता दीदी और प्लेसमेंट कर्मचारी तैनात हैं। शहर की सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों और वार्डों में नियमित साफ-सफाई की जा रही है। हर माह लगभग 35 लाख रुपये स्वच्छता कार्यों पर व्यय किए जा रहे हैं।

**3 स्टार से आगे, अब फर्स्ट रैंक का लक्ष्य :** नगर निगम का विश्वास है कि प्रशासन और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से धमतरी इस वर्ष स्वच्छता में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। 3 स्टार उपलब्धि के बाद अब फर्स्ट रैंक का लक्ष्य पूरे शहर का संकल्प बन चुका है।

### सातों दिन मॉनिटरिंग और जनभागीदारी पर जोर

स्वास्थ्य सभापति नीलेश लुनिया ने बताया कि सातों दिन प्रभावी सफाई व्यवस्था लागू करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नागरिकों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। निगम का मानना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नागरिक फीडबैक अहम भूमिका निभाता है।

### समीक्षा प्रणाली हुई मजबूत

निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है। वार्डवार समीक्षा प्रणाली को मजबूत किया गया है और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जहां सुधार की आवश्यकता है, वहां त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

### नालियों की सफाई और फॉगिंग पर विशेष फोकस

स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने बताया कि गीला-सूखा कचरा पृथक्करण, नालियों की सफाई और फॉगिंग अभियान पर विशेष फोकस है। घर-घर कचरा संग्रहण प्रणाली को और सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

## हवन-पूजन के बाद प्रसाद का वितरण

**सांकरा।** इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर स्कूलपारा सांकरा के शिव मंदिर को सुबह से ही लोगों ने आकर्षक रूप से सजाया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण के लिए आशीर्वाद लिया। राधेधर दीवान के मुखारविंद से हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात प्रसाद के रूप में खीर, पूरी, हलवा बांटा गया।

## डेमिन का सीआरपीएफ में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



स्थानीय बठेना वार्ड निवासी आत्माराम साहू की पुत्री डेमिन साहू का चयन सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) में हुआ है। डेमिन प्रशिक्षण के लिए इंदौर रवाना हुईं। इस अवसर पर समाजसेवी शिवा प्रधान, डुमन साहू समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित थे। डेमिन की इस उपलब्धि से क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# दिखावे से दूर थे वरिष्ठ पत्रकार भट्टाचार्य

### प्रेस क्लब में पत्रकारों और समाजसेवियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार रंजीत भट्टाचार्य का निधन पत्रकार जगत ही नहीं पूरे धमतरी के लिए एक बड़ी क्षति है। वे पत्रकार बनाने की फैक्ट्री थे। उनकी छत्रछाया में पत्रकारों के एक बड़े वर्ग ने अपनी प्रतिभा को निखारा है। बड़े ही सरल और सहज रूप से वे पत्रकारों को मार्गदर्शन देते थे। यह बातें शोकसभा के दौरान धमतरी के गणमान्य नागरिकों ने कही।

प्रेस क्लब भवन में सोमवार को सुबह 11.30 बजे वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार रंजीत भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान एक शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारों सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। समाजसेवी राजेश शर्मा, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री कविंद्र जैन, ब्राह्मण समाज के पीयूष पांडे ने कहा कि श्री भट्टाचार्य की जीवन शैली सादा जीवन, उच्च विचारों वाली थी। दिखावे से हमेशा दूर रहे और हमेशा लोगों की भलाई के लिए काम करते थे। यह विचारधारा उनके साहित्य में भी नजर आती है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल ठाकुर, महासचिव विक्रांत शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश पांडे व उमेश बशिष्ट ने कहा कि श्री भट्टाचार्य श्रेय लेने की होड़ से दूर रहते थे। अच्छा काम करने के बाद भी वे उसका श्रेय नहीं लेते थे। कई बार उन्हें पत्रकारिता में उल्लेखनीय काम करने पर सम्मान देने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन हर बार वे यह कहकर मना कर देते थे कि उन्होंने कुछ उल्लेखनीय किया ही नहीं है। सचिव राज सोनवानी, संगठन सचिव सत्येंद्र शर्मा, कमलेश पांडे, वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा सहित अन्य ने वरिष्ठ पत्रकार श्री भट्टाचार्य की जीवनी पर प्रकाश डाला।

शोक सभा का संचालन महासचिव विक्रांत शर्मा एवं आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती ने किया। इस अवसर पर दीपनारायण शर्मा, संतोष सोनकर, दिलीप देवांगन, पवन साहू, माधवेंद्र हिरवानी, सुभाष शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## रासेयो छात्रों ने ए प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण की

**धमतरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना ए प्रमाण-पत्र हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में परीक्षा का आयोजन किया गया। 43 स्वयंसेवकों ने लिखित परीक्षा व वाइवा दिलाया। बाह्य परीक्षक के रूप में शेषनारायण गजेंद्र रासेयो कार्यक्रम अधिकारी खरेंगा उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को बताया कि एनएसएस से चारित्रिक व नैतिक विकास होता है।

## जोरातराई में मनाया गया वजन तिहार

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई में आंगनबाड़ी केंद्र के तत्वावधान में वजन तिहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं की ऊंचाई एवं वजन का मापन किया गया। गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का भी वजन कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने छोटे-छोटे बाल गोपालों का वजन कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया तथा बच्चों के समुचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक केजू राम साहू, चुरामन साहू, नंदकुमार साहू, आरएचओ श्रीमती सीमा पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमा वैष्णव, सुखवती साहू, पद्मिनी साहू, जागेश्वरी बंदे, कनक, दुलारी पटेल, ईश्वरी तारक, सुलोचनी साहू, उमा तारक सहायिका, सत्यभामा निषाद, गीतांजलि साहू, नीलम साहू, कुंती तारक, रामेश्वरी निषाद, नंदनी साहू सहित गांव की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। लगभग 25 बच्चों की उपस्थिति में आयोजित वजन तिहार को ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक मनाया और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।







